

सुश्री दीपिका कुमारी

Ms. Deepika Kumari



पद्म श्री

Padma Shri



राष्ट्रपति से अलंकरण प्राप्त करते हुए

Receiving the decoration from the President

सुश्री दीपिका कुमारी

सुश्री दीपिका कुमारी एक जानी मानी तीरंदाज हैं।

2. आपका जन्म 13 जून 1994 को रांची, झारखंड में हुआ। आपने वर्ष 2007 में कोच श्री हिमांशु शेषर मोहन्ती और श्री सी डी श्रीनिवासन के संरक्षण में धनुर्विद्या सीखनी शुरू कर दी। वर्ष 2008 में आपको टाटा तीरंदाजी अकादमी के लिए एक कैडेट के रूप में चुना गया। यह अकादमी टाटा स्टील स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट का एक हिस्सा है और यहां आपको श्री धर्मेन्द्र तिवारी और श्रीमती पूर्णिमा महतो के अधीन प्रशिक्षित किया गया।

3. आप वर्ष 2009 में सब–जूनियर, जूनियर एवं सीनियर राष्ट्रीय चैम्पियन बनीं तथा वर्ष 2008 से 2013 तक लगातार छह वर्षों तक सीनियर राष्ट्रीय चैम्पियन रहीं। आपको वर्ष 2012 में विश्व की नं.1 तीरंदाज घोषित किया गया और तब से आप विश्व के 10 शीर्ष तीरंदाजों में रही हैं। वर्तमान में आप विश्व की 5वें नं. की तीरंदाज हैं। आपने वर्ष 2010 में आयोजित राष्ट्रमंडल खेलों में व्यक्तिगत तौर पर और टीम की तरफ से स्वर्ण पदक जीते, और वर्ष 2012 में हुए लंदन ओलम्पिक में 8वें स्थान पर रहीं। आपने वर्ष 2010 में चीन में हुए एशियाई खेलों में टीम के लिए कांस्य पदक जीता, वर्ष 2010 में ही थाइलैण्ड में आयोजित एशियाई ग्रैण्ड प्रिक्स में व्यक्तिगत तौर पर और टीम के लिए स्वर्ण पदक जीता, वर्ष 2011 में आपने युवा विश्व तीरंदाजी चौम्पियनशिप जीती और त्रि–स्तरीय विश्व कप (यू एस ए) में तीन रजत पदक जीते तथा द्वि–स्तरीय (टर्की) विश्व कप और चतुर्थ स्तरीय (चीन) विश्व कप (2012) में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीते।

4. आपने (प्रथम स्तरीय विश्व कप, चीन 2013) में एक रजत पदक और (चतुर्थ स्तरीय, पोलैण्ड विश्व कप 2014 में एवं द्वितीय स्तरीय टर्की विश्व कप, 2015में) दो कांस्य पदक जीते, आपने 2011 (इंस्ताम्बुल), 2012 (टोक्यो), 2013 (पेरिस)और 2015 (मेक्सिको) में हुए विश्व कप के फाइनलों में रजत पदक जीते। आपने 18वीं एशियाई तीरंदाजी चौम्पियनशिप में मिश्रित टीम गोल्ड मेडल भी जीता।

5. आपको वर्ष 2012 में अर्जुन पुरस्कार से नवाजा गया। वर्ष 2014 में फिक्की द्वारा प्रस्तुत इंडिया स्पोर्टस अवार्डस में आपको स्पोर्ट्स–पर्सन ऑव द ईयर के खिताब से नवाजा गया। वर्ष 2014 में आपको फोर्ब्स (इंडिया) द्वारा अपने '30 अण्डर 30' में से एक के रूप में दर्शाया गया था।

Ms Deepika Kumari

Ms. Deepika Kumari is a renowned archer.

2. Born on 13th June, 1994 in Ranchi, Jharkhand , Ms Deepika Kumari began archery in the year 2007 under the tutelage of coaches Shri Himanshu Sekhor Mohanty and Shri C.D. Srinivasan. In the year 2008, she was selected as a cadet for Tata Archery Academy, a part of the Tata Steel Sports Department and trained under Mr. Dharmendra Tiwary and Mrs. Poornima Mahto.

3. Ms. Deepika Kumari became the Sub-junior, Junior and Senior National Champion in 2009 and was the Senior National Champion for 6 consecutive years from 2008-2013. She was declared World No. 1 in 2012 and has been a part of the World's top 10 since then. She is currently World No. 5. She won the Individual and team Gold medals in Commonwealth Games 2010, and finished in the 8th place in the London Olympics, 2012; won the Team Bronze Medal in the Asian Games, 2010, China; won the individual and team gold medals at the Asian Grand Prix, 2010 held in Thailand; won the Youth World Archery Championship and 3 silver medals at the 3rd stage World Cup, (USA) in 2011, won a gold and silver medal at the 2nd stage (Turkey) and 4th stage (China) World Cups (2012) respectively.

4. Ms. Deepika Kumari also won a silver medal (1st stage World Cup, China, 2013) and 2 bronze medals (4th stage, Poland and 2nd stage, Turkey World Cup in 2014 and 2015 respectively), won silver medals in the World Cup Finals in 2011 (Istanbul), 2012 (Tokyo), 2013 (Paris) and 2015 (Mexico). She also won the Mixed Team Gold Medal in the 18th Asian Archery Championship.

5. Ms. Deepika Kumari was presented with the Arjuna Award in 2012. She was named the Sportsperson of the Year at the India Sports Awards, presented by FICCI in 2014. She was featured by Forbes (India) as one of their '30 under 30' in 2014.